भारत और ADB के बीच समझौता (Agreement between India and ADB)

drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-between-india-and-adb

संदर्भ

एशियाई विकास बैंक और भारत सरकार ने तमिलनाडु राज्य के कम-से-कम दस शहरों में जलवायु-सुदृढ़ जलापूर्ति, सीवरेज और जल निकासी संबंधी बुनियादी ढाँचागत सुविधाओं के विकास से जुड़े 500 मिलियन डॉलर के वित्तपोषण की पहली किस्त के रूप में 169 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- ADB की ओर से मिलने वाले इस सहयोग से अभिनव एवं जलवायु-सुदृढ़ निवेश के साथ-साथ व्यापक संस्थागत सहयोग के ज़रिये इन जटिल शहरी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी।
- ADB का यह कार्यक्रम तमिलनाडु राज्य के विज़न **'तमिलनाडु 2023'** के लिये उसके द्वारा दिये जाने वाले सहयोग का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य सभी की पहुँच जल एवं स्वच्छता तक सुनिश्चित करना और उच्च कार्य निष्पादन वाले औद्योगिक गलियारों में विश्वस्तरीय शहरों का विकास करना है।
- पहली किस्त में प्राप्त ऋण राशि से चेन्नई, कोयम्बटूर, राजपालयम, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली और वेल्लोर का विकास किया जाएगा।
- जापान सरकार द्वारा बनाए गए एशियाई स्वच्छ ऊर्जा कोष से प्राप्त 2 मिलियन डॉलर के अनुदान से सौर ऊर्जा से जुड़ी प्रायोगिक (पायलट) परियोजना का वित्त पोषण किया जाएगा।
- इसी तरह ADB से एक मिलियन डॉलर का तकनीकी सहायता अनुदान भी इस कार्यक्रम के लिये मिलेगा, ताकि क्षमता निर्माण में सहयोग दिया जा सके।